अनुवाद

महर्षियों में मैं भृगु हूँ, वाणी में मैं दिव्य ओंकार हूँ; यज्ञों में भगवन्नामजप-रूपी यज्ञ मैं ही हूँ और स्थावरों में मैं हिमालय हूँ।।२५।।

तात्पर्य

ब्रह्माण्ड के प्रथम जीव ब्रह्मा ने विविध योनियों में सन्तति-विस्तार के लिए जिन अनेक पुत्रों को उत्पन्न किया, उन सब में भृगु सर्वाधिक शक्तिशाली हैं। ये महर्षियों में प्रधान हैं। सब दिव्य वचनों में ओंकार श्रीभगवान् का रूप है। सब प्रकार के यज्ञों में **हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे। हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे।** महामन्त्र का ज़प-कीर्तन श्रीकृष्ण का सबसे शुद्ध स्वरूप है। कभी-कभी पशुयज्ञ का भी विधान किया जाता है, पर **हरे कृष्ण हरे कृष्ण** का यज्ञ इन सब से उत्तम है, क्योंकि इसमें कुछ हिंसा नहीं होती। इसीलिए यह यज्ञ परम सुगम और परम शुद्ध है। त्रिभुवन में जो कुछ भी उदात्त (भव्य) है, वह सब श्रीकृष्ण का रूप है। अतः संसार के सर्वाधिक उत्तुंग पर्वत—हिमालय भी उनके रूप हैं। 'मेरु' नामक शिखर का एक पिछले श्लोक में उल्लेख किया गया है; परन्तु मेरु कदाचित् जंगम भी हो जाता है, जबकि हिमालय नित्य स्थिर रहते हैं। इस दृष्टि से हिमालय पर्वत मेरु से भी बढ़कर हैं।

अश्वत्थः सर्ववृक्षाणां देवर्षीणां च नारदः।
गन्धर्वाणां चित्ररथः सिद्धानां कपिलो मुनिः।।२६।।

अश्वत्थः=पीपल का पेड़; **सर्ववृक्षाणाम्**=सब प्रकार के वृक्षों में; **देवर्षीणाम्**=देवऋषियों में; **च**=तथा; **नारदः**=नारद; **गन्धर्वाणाम्**=गन्धर्वों में; **चित्ररथः**=चित्ररथ; **सिद्धानाम्**=सिद्धों में; **कपिलः मुनिः**=कपिल मुनि।

अनुवाद

सब वृक्षों में मैं पीपल का वृक्ष और देवर्षियों में नारद हूँ; गन्धर्वों में चित्ररथ तथा सिद्धों में कपिल मैं हूँ।।२६।।

तात्पर्य

पीपल का वृक्ष सबसे सुन्दर और उत्तुंग वृक्षों की कोटि में आता है; बहुत से व्यक्ति प्रायः प्रतिदिन प्रातःकाल उसकी अर्चना करते हैं। नारद मुनि की देवताओं में पूजा की जाती है, क्योंकि वे ब्रह्माण्ड के सर्वश्रेष्ठ भक्त हैं। भक्त होने के कारण वे भी श्रीकृष्ण के रूप हैं। गन्धर्वलोक गानप्रवण जीवों से परिपूर्ण हैं। इन सब में चित्ररथ नामक गायक सर्वोत्तम हैं। चिरंजीवियों में कपिलदेव को श्रीकृष्ण का अवतार माना जाता है। श्रीमद्भागवत में उनके दर्शन का प्रतिपादन है। परवर्ती काल में एक अन्य कपिल प्रसिद्ध हो गया, पर उसका दर्शन अनीश्वरवादी है। दोनों में वस्तुतः आकाश-पाताल का भेद है।

उच्चैःश्रवसमश्वानां विद्धि माममृतोद्भवम्।
ऐरावतं गजेन्द्राणां नराणां च नराधिपम्।।२७।।